पंजाब केसरी 14/10/2023

आंतरिक और बाहरी-दोनों प्रकार की स्वच्छता अति आवश्यक : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 13 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के प्रांगण में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एन.सी.सी., एन.एस.एस., स्पोर्ट्स क्लब एवं वूमेन सैल द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में स्वच्छता मेला आयोजित किया गया। डा. राकेश कुमार की देखरेख में हुए इस स्वच्छता मेले में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस संदर्भ में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि आंतरिक और बाहरी दोनों प्रकार की स्वच्छता अति आवश्यक है।

इस स्वच्छता अभियान के तहत हम छात्रों को स्वच्छता के महत्व को समझने एवं स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक डा. राकेश कुमार ने कहा कि राष्ट्र को स्वच्छ रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। इस कार्य के लिए हमें स्वयं पहल करनी चाहिए।

इस स्वच्छता अभियान के माध्यम से हम सभी एक स्वस्थ, स्वच्छ और सुंदर वातावरण का निर्माण कर सकेंगे।

इस अवसर पर डा. धर्मवीर, डा. के.के. पूनिया, बृजेश कुमार, डा. सरोज बाला, डा. एस.एस. नैन, डा. राजेंद्र देसवाल और डा. चंद्रपाल पूनिया आदि उपस्थित रहे।

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में आयोजित स्वच्छता मेले में भाग लेतीं छात्राएं।